Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to ensure remunerative price to onion growers - Laid.

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी (नासिक) में प्याज उत्पादक किसानों की तरफ दिलाना चाहता हूँ कि किसानों को प्रति एकड़ भूमि पर प्याज के उत्पादन में 65,000/-रुपये से 70,000/- रूपये प्रति एकड़ लागत वाहन करनी पड़ती है और उन्हें प्याज की फसल के दौरान 500/- रुपये से 700/- रुपये दाम ही मिल पाता है। प्याज के उत्पादन में चार महीने का समय लगता है और इन चार महीनों में प्याज उत्पादक कड़ी मेहनत करता है। देश में प्याज को निर्यात करने का भी प्रयास करना चाहिए जिससे देशी-विदेशी मुद्रा कमा सके और किसानों को प्याज की कीमत अच्छी मिल सके। इसके लिए प्याज के न्यूनतम समर्थन मूल्य भी लागत के हिसाब से घोषित किया जाये।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूँगा कि प्याज के किसान उत्पादकों को उनकी लागत के हिसाब से दाम मिले, इसके लिए सरकार को प्रयास करने चाहिए।